Seventeenth Series, Vol. XVIII No. 27 Thursday, April 7, 2022
Chaitra 17, 1944 (Saka)

# LOK SABHA DEBATES

**(Original Version)**

**Eighth Session**
**(Seventeenth Lok Sabha)**

सत्यमेव जयते

*(Vol. XVIII contains Nos.21 to 27 )*

**LOK SABHA SECRETARIAT**
**NEW DELHI**

***EDITORIAL BOARD***

Utpal Kumar Singh

**Secretary-General**

**Lok Sabha**

Suman Arora

**Joint Secretary**

Mahavir Singh

**Director**

Narad Prasad Kimothi

Sunita Arora

**Joint Director**

Anil Kumar Chopra

**Editor**



**© 2022 Lok Sabha Secretariat**

None of the material may be copied, reproduced, distributed, republished, downloaded, displayed, posted or transmitted in any form or by any means, including but not limited to, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior permission of Lok Sabha Secretariat. However, the material can be displayed, copied, distributed and downloaded for personal, non-commercial use only, provided the material is not modified and all copyright and other proprietary notices contained in the material are retained.

# C O N T E N T S

**Seventeenth Series, Vol. XVIII, Eighth Session, 2022/1944 (Saka)**
**No. 27, Thursday, April 7, 2022/Chaitra 17, 1944 (Saka)**


| S U B J E C T | P A G E S |
|---|---|
| **VALEDICTORY REFERENCE** | 4-7 |
| **NATIONAL SONG** | 8 |

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shri Om Birla

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shrimati Rama Devi

Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki

Shri Rajendra Agrawal

Shri Kodikunnil Suresh

Shri A. Raja

Shri P.V. Midhun Reddy

Shri Bhartruhari Mahtab

Shri N.K. Premachandran

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

## SECRETARY GENERAL

Shri Utpal Kumar Singh

**LOK SABHA DEBATES**

---

---

LOK SABHA

----------

Thursday, April 7, 2022/Chaitra 17, 1944 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

## VALEDICTORY REFERENCE

**माननीय अध्यक्ष** : माननीय सदस्यगण, अब हम सत्रहवीं लोक सभा के आठवें सत्र की समाप्ति पर आ गए हैं। यह सत्र 31 जनवरी, 2022 को आरम्भ हुआ था। इस सत्र के दौरान, कुल 27 बैठकें हुईं, जो लगभग 177 घंटे 50 मिनट तक चलीं।

दिनांक 31 जनवरी, 2022 को सत्र के पहले दिन माननीय राष्ट्रपति महोदय ने संसद की दोनों सभाओं की केन्द्रीय कक्ष में हुई संयुक्त बैठक को संबोधित किया।

माननीय राष्ट्रपति महोदय द्वारा दिए गए अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर दिनांक 2, 3, 4 और 7 फरवरी, 2022 को चर्चा हुई। कुल 15 घंटे 13 मिनट की चर्चा के बाद, दिनांक 07 फरवरी, 2022 को ध्वनि मत से धन्यवाद प्रस्ताव पारित हुआ।

मंगलवार, 1 फरवरी, 2022 को माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन द्वारा वर्ष 2022-2023 के लिए केन्द्रीय बजट पेश किया गया।

वर्ष 2022-23 के लिए केन्द्रीय बजट पर सामान्य चर्चा दिनांक 7, 8, 9 और 10 फरवरी, 2022 को हुई। यह चर्चा कुल 15 घंटे 35 मिनट तक चली।

रेल मंत्रालय की अनुदानों की मांगों पर चर्चा 12 घंटे 59 मिनट तक चली।

इसी प्रकार, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा 11 घंटे 28 मिनट तक चली।

नागरिक विमानन मंत्रालय के अधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा 7 घंटे 53 मिनट तक चली।

वर्ष 2022-23 के लिए वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा 6 घंटे 10 मिनट तक चली।

पोर्ट्स, शिपिंग एवं वॉटरवेज़ मंत्रालय के अधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा 4 घंटे 41 मिनट तक चली।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए शेष मंत्रालयों की अन्य सभी अनुदानों की मांगों को 24 मार्च, 2022 को एक साथ सभा में मतदान के लिए लिया गया और सभी को एक साथ पारित किया गया एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक भी पारित हुआ।

अनुदानों की अनुपूरक मांगों (2021-22 ) एवं अनुदानों की अतिरिक्त मांगों (2018-19) को भी इस सत्र में मतदान के बाद पारित किया गया। इसके अतिरिक्त जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के लिए अनुदान मांगों (2022-23) तथा अनुदानों की अनुपूरक मांगों (2021-22) को भी मतदान के बाद पारित किया गया।

सत्र  के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण वित्तीय, विधायी और अन्य कार्यों का निष्पादन किया गया।

सत्र के दौरान 12 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए तथा 13 विधेयक पारित हुए।

पारित किए गए कुछ महत्वपूर्ण विधेयक निम्नलिखित हैं:-

1. वित्त विधेयक, 2022;
2. दिल्ली नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2022;
3. दंड प्रकिया (शिनाख्त) विधेयक, 2022 और
4. सामूहिक संहार के आयुध और उनकी  परिदान प्रणाली (विधि विरूद्ध  क्रियाकलापों का प्रतिषेध) संशोधन विधेयक, 2022.

आठवें सत्र में सभा की कुल कार्य उत्पादकता 129 प्रतिशत रही। इस सत्र में सभा ने कुल मिलाकर 40 घंटे देर तक बैठकर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा संवाद किया गया। सत्र के दौरान 182 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों के संबंध में एक आधे घंटे की चर्चा दिनांक 11 फरवरी, 2022 को की गई।

सत्र के दौरान माननीय सदस्यों ने नियम 377 के अधीन 486 लोकहित के विषय सदन के समक्ष प्रस्तुत किए। इसी सत्र में माननीय सदस्यों द्वारा विभिन्न विषयों पर अविलंबनीय लोक महत्व के मामले उठाए गए।

सत्र के दौरान विभिन्न संसदीय समितियों ने कुल 62 प्रतिवेदन प्रस्तुत किए । मंत्रियों द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर कुल 35 वक्तव्य दिए गए। इस सत्र के दौरान संबंधित मंत्रियों द्वारा 2613 पत्रों को सभा पटल पर रखा गया। सभा में निम्नलिखित विषयों पर नियम 193 के तहत अल्पकालिक चर्चा हुई - जलवायु परिवर्तन, भारत में खेलकूद को बढ़ावा देने की आवश्यकता और यूक्रेन में स्थिति। इन विषयों में से दो विषयों पर चर्चा सम्पन्न हुई जबकि 'भारत में खेलकूद को बढ़ावा देने की आवश्यकता' विषय पर चर्चा पूरी नहीं हुई।

गैर-सरकारी सदस्यों द्वारा विभिन्न विषयों पर 154 विधेयक पुरःस्थापित किए गए। श्री जर्नादन सीग्रीवाल द्वारा पुरःस्थापित विधेयक ''अनिवार्य मतदान विधेयक'' पर चर्चा इस सत्र में भी जारी रही।

श्री रितेश पाण्डेय द्वारा 'आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी सहायिकाओं के लिए कल्याणकारी उपाय' के संबंध में गैर सरकारी सदस्यों के संकल्प पर इस सत्र में भी चर्चा जारी रही।

माननीय सदस्यगण,14 मार्च, 2022 को ऑस्ट्रिया की संसद के दोनों सदनों के माननीय सभापतियों सहित वहां से आए संसदीय शिष्टमंडल ने सभा की कार्यवाही को विशेष बॉक्स में बैठकर देखा।

मैं सभा की कार्यवाही को पूरा करने में योगदान देने के लिए सभापति तालिका में शामिल अपने माननीय सदस्यों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं माननीय प्रधान मंत्री, माननीय संसदीय कार्य मंत्री, विभिन्न दलों के नेताओं और माननीय सदस्यों के प्रति भी उनके सहयोग के लिए हृदय से आभारी हूँ।

मैं आप सभी की ओर से प्रेस और मीडिया के मित्रों का भी धन्यवाद करता हूँ।

मैं इस अवसर पर सभा को प्रदान की गई समर्पित और त्वरित सेवा के लिए महासचिव और लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करता हूँ।

मैं सभा की कार्यवाही के संचालन में संबद्ध सभी एजेंसियों को भी उनके द्वारा प्रदान की गई उत्तम सेवाओं के लिए धन्यवाद देता हूँ ।

माननीय सदस्यगण, अब हम सभी "वन्दे मातरम् की धुन" के लिए अपने स्थान पर खड़े हो जाएं।

---

**<u>11.08 hrs</u>**

## NATIONAL SONG

*National Song was played.*

**माननीय अध्यक्ष** : सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित की जाती है।

**<u>11.09 hrs</u>**

*The Lok Sabha then adjourned sine die.*

___________

## INTERNET

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following addresses:

http://www.parliamentofindia.nic.in
http://www.loksabha.nic.in

## LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjourn of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha (Sixteenth Edition)